Seventeenth Loksabha

>

Title: Regarding compensation to farmers who suffered damage to their crops due to heavy rain and hail strom in Hingoli, Maharashtra.

श्री हेमन्त पाटिल (हिन्गोली): माननीय अध्यक्ष जी, मैं महाराष्ट्र के हिन्गोली संसदीय क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करता हूं । महाराष्ट्र में बेमौसम बारिश और ओलावृष्टि के कारण किसानों का भारी नुकसान हुआ है । मेरे क्षेत्र में अभी तक छः किसानों ने आत्महत्या कर ली है । महाराष्ट्र के लगभग 30 जिलों में फसल का भारी नुकसान हुआ है, 10,000 करोड़ रुपये का नुकसान हुआ है । बेमौसम बरसात के कारण 325 तहसीलों में 54 लाख 22 हजार हेक्टेयर में फसलों का नुकसान हुआ है । मराठवाड़ा, विदर्भ, कोंकण और महाराष्ट्र के मध्य भागों में फसलों को क्षति पहुंची है । इसमें सोयाबीन, ज्वार, कपास, धान, बाजरा, केला, अंगूर, संतरे की फसलें ज्यादा प्रभावित हुई हैं । इस प्राकृतिक आपदा के कारण मेरे संसदीय क्षेत्र में किसानों की फसल नष्ट होने के कारण नुकसान हुआ है ।

मेरा आपके माध्यम से केंद्र सरकार से निवेदन है कि मेरे क्षेत्र के पीड़ित किसानों को इस संकट से उबारने के लिए जल्दी से जल्दी बीमा राशि का भुगतान किया जाए । जिन किसानों ने बीमा नहीं किया है, उनको एनडीआरएफ के मार्फत तुरंत मुआवजा मिलना चाहिए । बीमा कंपनियों की प्रक्रिया बहुत कठिन है, किसानों से बार-बार पेपर मांगे जा रहे हैं । बीमा कंपनियों ने हर तहसील से हजारों करोड़ों रुपये लिए हैं, लेकिन उनका न ही कोई कार्यालय है और न ही कोई कर्मचारी है । उन्होंने वहां दो-दो कर्मचारी डिप्यूट किए हैं । मेरा निवेदन है कि इनकी चौकसी की जाए । मेरी मांग है कि हर किसान को प्रति हेक्टेयर 25,000 रुपये दिए जाएं ।

माननीय अध्यक्ष: श्री श्रीरंग आप्पा बारणे, श्री अरविंद सावंत, श्री विनायक भाऊराव राऊत, श्री राहुल रमेश शेवाले, श्री प्रतापराव जाधव, डॉ. श्रीकांत एकनाथ शिंदे, श्री राजन बाबूराव विचारे और श्री संजय सदाशिवराव मांडलिक

को श्री हेमन्त पाटिल द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है ।